दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के 'गृह विज्ञान विभाग' द्वारा 3 अक्तूबर 2023 से 4 अक्तूबर 2023 तक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर अंशु सेलपार के द्वारा किया गया। गृह विज्ञान की प्राध्यापिकाओं श्रीमती तनु रानी, श्रीमती अनु रानी और श्रीमान गौतम सत्यराज के निर्देशन में कार्यशाला शुरू की गई। जिसमें 29 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रथम दिन पॉट पेंटिंग सिखाई जिसमें छोटे बड़े विभिन्न प्रकार के गमलों पर पेंटिंग करवाई गई व दूसरे दिन हरियाणवी संस्कृति को ध्यान में रखते हुए गलसरी, मोतियों की माला, झुमके तथा अन्य प्रकार की आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनानी सिखाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने बच्चों के द्वारा बनाई गई पॉट पेंटिंग और आर्टिफिशियल ज्वेलरी की सराहना की और बताया कि भविष्य में छात्राएं इस प्रकार के कार्य शुरू करके आत्मनिर्भर बन सकती है।

Glimpses and Media Coverage of the Event

हिंदू कन्या महाविद्यालय में छात्राओं ने सीखी पॉट पेंटिंग

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय वर्कशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. अंशु के द्वारा किया गया। गृह विज्ञान की प्राध्यापिका तनु रानी, अनु रानी और गौतम सत्यराज के निर्देशन में कार्यशाला शुरू की गई। जिसमें 29 छात्राओं ने भाग लिया।

जींद : हिंदू कन्या कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा 3 अक्टूबर से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंशु द्वारा किया गया। गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिकाओं तनु रानी, अनु रानी और गौतम सत्यराज के निर्देशन में कार्यशाला शुरू की गई, जिसमें 29 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रथम दिन पॉट पेंटिंग सिखाई गई। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पूनम मोर ने बच्चों के द्वारा की गई पॉर्ट पेंटिंग की सराहना करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। यह कार्यशाला 5 अक्टूबर 2023 तक चलेगी।